गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

ND/GAIL/SECTT/2019

30.07.2019

Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai – 400051

Listing Department
BSE Limited
Floor 1, Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400001

Sub.: Newspaper Publication

Dear Sir,

This is in compliance of Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

With reference to the subject cited above, please find an attachment.

The above is for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

(A.K. Jha)
Company Secretary

राष्ट्रीय क्रिकेटर पेट पालने को दिहाड़ी मजदूर बनी

हिन्दुस्तान नेटवर्क

रामनगर | दीप चंद्र बेलवाल

उत्तराखंड क्रिकेट टीम से राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खेल चुकी रामनगर की जानकी मेहरा (25) सरकार की उपेक्षा के चलते दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हैं।

गरीबी ने जानकी का पहले मैदान और अब पढ़ाई से भी नाता तुड़वा दिया है। यह उदीयमान ऑलराउंडर अब मूक बधिर मां और चार परिजनों को पालने के लिए रोजाना 8-10 घंटे होटलों में मजदूरी कर रही है। नैनीताल जिले के रामनगर स्थित ग्राम क्यारी निवासी जानकी मेहरा का क्रिकेट कॅरियर साल 2010 में अंडर-19 स्कूल से शुरू हुआ।

बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर वह 2010, 2011 और 2012 में उत्तराखंड की टीम से राष्ट्रीय मुकाबलों में उतरीं। इस दौरान उसकी टीम ने दिल्ली जैसी मजबूत टीम को बड़े अंतर से हराया। जानकी कहती है कि जीआईसी क्यारी में पढ़ाई के दौरान शिक्षक शैलेंद्र कुमार से सहयोग मिला। इसके चलते वह तीन बार नेशनल खेल सकी। मगर परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर उसकी क्रिकेट और पढ़ाई दोनों छूट गईं।



दिहाड़ी मजदूरी करती राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जानकी मेहरा।

यादगार पारी

जानकी के कोच शैलेंद्र ने बताया कि 2012 में जम्मू में आयोजित अंतरराज्यीय स्कूल टूर्नामेंट में मुकाबले में जानकी ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच में 4 विकेट लिये और 25 रन बनाये। इससे पूर्व 2011 में जानकी और उनकी बड़ी बहन अनीता ने नैनीताल टीम से खेलते हुए स्टेट मुकाबले में अल्मोड़ा को भारी अंतर से जीता।

दाखिले को नहीं थे पैसे

जानकी मेहरा ने बताया कि वर्ष 2012 में इंटर पास करने के बाद कॉलेज में दाखिले के लिये उसके पास पैसे नहीं थे। कुछ लोगों से मदद मांगी तो यह कहकर मना कर दिया गया कि कैसे लौटाओगे। साल 2008 में पिता की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, मां मूक बधिर है।

> उत्तराखंड ही नहीं, देश के लिये क्रिकेट खेलने की तमन्ना थी। गरीबी के चलते संभव नहीं हो सका। पिता की मौत के बाद परिवार टूट चुका था। सरकारी मदद मिलती तो क्रिकेट-पढ़ाई दोनों करती। अब मजदूरी कर रही हूं। -जानकी मेहरा, पूर्व क्रिकेटर।

जू-जित्सू चैंपियन मांग रही चंदा

हल्द्वानी। पांच बार की नेशनल जू-जित्सू चैंपियन को थाइलैंड में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जाने के लिए इन दिनों चंदा मांगना पड़ रहा है। जजफार्म निवासी नव्या पांडे जू-जित्सू में पांच बार की राष्ट्रीय चैंपियन हैं। एशिया में उसकी पांचवीं रैंकिंग है। नाव्या को थाईलैंड में 5 अगस्त से शुरू हो रही थाईलैंड ओपन ग्रैंड प्रिक्स वर्ल्ड रैंकिंग चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। वहां जाने के लिए उसे करीब 76,500 रुपये चाहिए। नव्या रोज किसी अधिकारी, नेता, मंत्री से मुलाकात कर रही है। रविवार को वह आर्थिक मदद के लिए एसडीएम विवेक राय से मिली।

AMITY COLLEGE OF COMMERCE & FINANCE
2019 SESSION ADMISSION NOTICE
B.COM (HONS)
OTHER PROGRAMMES AFTER 10+2
• B.COM (FINANCE & INVESTMENT ANALYSIS)
PROGRAMMES AFTER GRADUATION
• M.COM
• M.COM (FINANCIAL MGMT.)
OPPORTUNITY TO PREPARE FOR CA ALONG WITH YOUR GRADUATION
BY ENROLLING FOR FOUNDATION CLASSES AT AMITY COLLEGE OF COMMERCE & FINANCE, ACCREDITED BY ICAI
Application form and details on programmes, eligibility, fees & campuses offered at, are available at www.amity.edu
UPTO 100% SCHOLARSHIP
Visit: www.amity.edu/scholarships
Apply by: 1st Aug. '19
(For Noida & Greater Noida Campuses)
AMITY UNIVERSITY
To know more about the above and 300 other programmes in 60 disciplines, visit:
NOIDA CAMPUS: www.amity.edu | GURUGRAM CAMPUS: www.amity.edu/gurugram | GR. NOIDA CAMPUS: www.amity.edu/gn

दस हजार सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती और सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की सक्रियता से मिल रहे हैं अहम संकेत

आतंकवादियों पर कड़े प्रहार की तैयारी

सख्ती

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कश्मीर में दस हजार जवानों की अतिरिक्त तैनाती के साथ-साथ सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है। इससे माना जा रहा है कि कश्मीर में किसी बड़े अभियान की तैयारी है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि सेना, अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बलों द्वारा आंतकियों के सफाये के लिए अभियान तेज किया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के नेतृत्व में कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ बड़े अभियान की तैयारी की जा रही है। कश्मीर से लौटने के बाद भी डोभाल लगातार शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। खबर है कि दक्षिणी कश्मीर में आतंक प्रभावित इलाकों में अगले महीने बड़ा अभियान चलेगा। अर्धसैनिक बलों को भी उन्हीं क्षेत्रों में भेजे जाने की सूचना है।

दरअसल, कश्मीर में सेना के आक्रामक रुख के कारण आतंकी संगठनों में भर्ती तेजी हुई लेकिन उसी के साथ ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई भी तेज हुई है। नतीजा यह है कि नए बने आतंकी भी ज्यादा समय तक बच नहीं पा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस साल 31 मई तक मारे गए करीब सौ आर्तकियों में 50 ऐसे थे जिन्होंने इसी साल आतंक की राह थामी थी। यह दर्शाता है कि आतंकी बौखलाए हुए हैं। दूसरे, नए आतंकी भी हाथ के हाथ मारे जा रहे हैं।



बारामूला में रविवार को छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम और पुलिस। • एजेंसी

कश्मीर में एनआईए के चार जगह छापे

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकियों को धन मुहैया कराने के मामले में रविवार को सीमा पार व्यापार करने वाले चार व्यापारियों के ठिकानों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों और राज्य पुलिसकर्मियों की मदद से एनआईए ने तारिक अहमद, बिलाल भट, आसिफ अहमद लोन और तनवीर अहमद नामक व्यापारियों के घरों पर छापे मारे। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक छापेमारी जारी थी। चारों व्यापारी सीमा पार व्यापार करने वाले हैं। कुछ दिन पहले भी एनआईए ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले और श्रीनगर में सीमा पार व्यापार करने वाले सात ठिकानों पर छापेमारी की थी।

> केंद्र को राज्य में प्रयोग बंद करना चाहिए और यहां अतिरिक्त बलों की तैनाती को लेकर अफवाहों पर जवाब देना चाहिए। सरकार को कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए।
> - शेख अब्दुल राशिद, जम्मू कश्मीर के पूर्व विधायक

> नेशनल कॉन्फ्रेंस राज्य में कोई बदलाव करने की इजाजत नहीं देगी और राज्य की विशिष्ट पहचान को खत्म करने की कोशिश का विरोध किया जाएगा।
> - फारूख अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

> कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाहती हैं। विशेष राज्य के दर्जे का इस्तेमाल दोनों पार्टियां अपने फायदे के लिए कर रही हैं। जब यह उन पर सूट करता है, तो वे विशेष होते हैं और जब ऐसा नहीं होता है, तो वे नहीं होते।
> - जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री

राशन जमा करने वाले पत्र से खलबली

श्रीनगर। रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी ने पत्र लिखकर कर्मचारियों से लंबे समय तक के लिए राशन जमा करने का आह्वान किया। इस पत्र के बाद विभाग में खलबली मच गई। हालांकि रेलवे ने स्पष्ट किया कि इस पत्र का कोई आधार नहीं है। आरपीएफ बडगाम के सहायक सुरक्षा आयुक्त सुदेश नुग्याल के इस पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि घाटी में लंबे समय तक स्थिति के बिगड़ने की आशंका के संबंध में सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुरूप 27 जुलाई को एहतियात सुरक्षा बैठक हुई।

'35 ए से छेड़छाड़ बारूद को छूने जैसा'

श्रीनगर | एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में 10 हजार अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों की तैनाती और अनुच्छेद 35ए हटाने की खबरों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। महबूबा ने रविवार को कहा कि 35ए के साथ छेड़छाड़ करना बारूद को हाथ लगाने जैसा होगा।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का स्थापना दिवस को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में मुफ्ती ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अनुच्छेद 35 ए की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार रहें। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, यदि कोई हाथ अनुच्छेद 35 ए को छूने की कोशिश करेगा तो न सिर्फ वह हाथ, बल्कि सारा शरीर जलकर राख बन जाएगा।

क्या है अनुच्छेद 35ए

अनुच्छेद 35ए, 14 मई 1954 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने एक आदेश पारित किया था। अनुच्छेद 35ए संविधान में शामिल प्रावधान है जो जम्मू-कश्मीर विधानमंडल को यह अधिकार प्रदान करता है कि वह यह तय करे कि जम्मू-कश्मीर का स्थायी निवासी कौन है और किसे सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में विशेष आरक्षण दिया जाएगा। अनुच्छेद 35ए में यह प्रावधान है कि यदि राज्य सरकार किसी कानून को अपने हिसाब से बदलती है तो उसे किसी भी कोर्ट में चुनौती नही दी जा सकती है। अगर जम्मू-कश्मीर की कोई लड़की किसी बाहर के लड़के से शादी कर लेती है तो उसके सारे अधिकार खत्म हो जाते हैं।

भाजपा चुनावों की तैयारी में जुटी

नई दिल्ली। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को प्रदेश कोर ग्रुप और राज्य से जुड़े प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार राज्य में साल के आखिर में चुनाव कराए जाने की संभावना है। बैठक में प्रभारी महासचिव राम माधव, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना और सभी सांसद मौजूद रहेंगे। बाद में प्रदेश के नेता पार्टी अध्यक्ष अमित शाह से भी मिल सकते हैं। (वि.सं.)

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

वर्ष 2018–19 हेतु अंतिम लाभांश के भुगतान के लिए खाता बंदी एवं ई–वोटिंग हेतु सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) **मंगलवार, 20 अगस्त, 2019 को प्रातः 10.30 बजे** मॉनेकशॉ सेंटर, परेड रोड, दिल्ली छावनी, नई दिल्ली–110010 में आयोजित की जाएगी। वर्ष 2018–19 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ उक्त वार्षिक आम सभा की सूचना कंपनी के सदस्यों जिनकी ई–मेल आईडी डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डी. पी.) अथवा आर. एंड टी. ए. के पास विधिमान्य/पंजीकृत हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप में एवं अन्य सदस्यों को भौतिक रूप में भेजी जा रही है। बैठक की सूचना को कंपनी तथा सी. डी. एस. एल. **(www.evotingindia.com)** की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया गया है।

उपर्युक्त वार्षिक आम सभा में कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के अध्यधीन **8.85%** (₹ 0.885/– प्रति इक्विटी शेयर) की दर से अंतिम लाभांश की पात्रता निर्धारित करने के लिए कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बही **मंगलवार 13 अगस्त, 2019 से मंगलवार 20 अगस्त, 2019 (दोनों दिन शामिल)** तक बंद रहेंगे। अंतरिम लाभांश का भुगतान 62.50% (₹ 6.25/– प्रति शेयर) की दर से फरवरी, 2019 में कर दिया है। उक्त वार्षिक आम सभा में घोषणा के पश्चात उन पात्र सदस्यों को अंतिम लाभांश का भुगतान किया जाएगा जिनके नाम:

क) सभी वैध और पूर्ण अंतरण को शामिल करने के पश्चात कंपनी के सदस्यता रजिस्टर में **भौतिक रूप** में शेयरधारण करने वाले सदस्यों के रूप में आर. एंड टी. ए./कंपनी के पास **13 अगस्त, 2019** से पहले दर्ज होंगे/अथवा

ख) डिपॉज़िटरी अर्थात नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लिमिटेड (एन. एस. डी. एल.) और सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सी. डी. एस. एल.) द्वारा बही बंदी की तारीख के संबंध में प्रस्तुत विवरण में **इलेक्ट्रॉनिक रूप** में धारित शेयर हितलाभी स्वामी (यों) के रूप में होंगे।

सेबी (एल ओ डी आर) नियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 जिसे कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पढ़ा जाए, के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए वार्षिक आम सभा की सूचना में सूचीबद्ध कार्यसूची की मदों पर सी. डी. एस. एल. द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोटिंग करने का अधिकार प्रदान कर रही है। रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **शुक्रवार, 16 अगस्त, 2019 (पूर्वाह्न 9.00 बजे) (आईएसटी) से आरंभ होगी एवं सोमवार 19 अगस्त, 2019 (सायं 5.00 बजे) (आईएसटी)** समाप्त होगी। इसके पश्चात सी. डी. एस. एल. द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तारीख एवं समय के पश्चात वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। कंपनी के सदस्य जो कट–ऑफ तिथि (रिकार्ड तिथि) अर्थात **मंगलवार, 13 अगस्त, 2019** को भौतिक रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारित करते हैं, वे इस अवधि के दौरान अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप में या उक्त वार्षिक आम सभा में भौतिक रूप में दे सकते हैं ।

रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोटिंग करने वाले सदस्य वार्षिक आम सभा में भाग ले सकते हैं लेकिन वे पुनः मतदान हेतु पात्र नहीं होंगे। ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान न कर सके बैठक में भाग ले रहे सदस्यों / प्रतिनिधियों को मतदान पर्ची के द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । किसी संकल्प पर ई–वोटिंग द्वारा मतदान करने के पश्चात सदस्य को उसे परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी । रिमोट ई–वोटिंग सुविधा **https://www.evotingindia.com** लिंक पर उपलब्ध है। तथापि यदि सदस्य (यों) द्वारा रिमोट ई–वोटिंग और वार्षिक आम सभा दोनों में मतदान किया जाने पर ई–वोटिंग मान्य होगी ।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आम सभा के नोटिस के रिमोट ई–वोटिंग भाग के अनुदेशों पर ध्यान दें । रिमोट ई–वोटिंग के बारे में किसी शंका या प्रश्न के लिए कृपया **www.evotingindia.com** में सहायता खण्ड के अंतर्गत ई–वोटिंग मैनुअल पढ़ लें।

यदि कोई व्यक्ति ई–वोटिंग हेतु सी. डी. एस. एल. में पहले ही पंजीकृत होने पर, वह विद्यमान लॉग इन आई–डी और पासवर्ड ई–वोटिंग हेतु प्रयुक्त होगा। व्यक्तियों, जिन्होंने नोटिस जारी होने के पश्चात शेयर अधिग्रहित किए हैं और कंपनी के सदस्य बने हैं और कट ऑफ तारीख को शेयर धारण करते हैं उनके द्वारा लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड हासिल करने सहित रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित समस्त पत्राचार/पूछताछ/शिकायतों को **helpdesk.evoting@cdslindia.com** (पता : श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई – 400013) को भेजें या संबंधित सी. डी. एस. एल. ई–वोटिंग सहायता डेस्क अधिकारियों से फोन नं. 1800225533 से संपर्क करें। वैकल्पिक रूप में हमारे आर. एंड टी. ए. से **admin@mcsregistrars.com** या श्री अजय दलाल, वरिष्ठ प्रबंधक, एमसीएस एसटीए से फोन नं **91-11-41406149-52** {पता : एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, **यूनिट: गेल (इंडिया) लिमिटेड**, प्रथम तल, एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज़– I, नई दिल्ली –110020} से संपर्क करें।

श्री सचिन अग्रवाल, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव, नई दिल्ली को ई–वोटिंग और मत पत्र प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ई–मेल आई–डी पंजीकृत नहीं कराए हैं या जो अपना ई–मेल आई–डी बदलना चाहते हों, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डी. पी. से संपर्क करें । सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना ई–मेल आई–डी डी. पी./आर. एंड टी. ए. के साथ वैध रखें, जिससे उन्हें कंपनी द्वारा समय–समय पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजी जाने वाली सभी सूचनाएं जिसमें वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं, परिपत्र इत्यादि शामिल हैं, प्राप्त हो सकें । नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (एन. ए. सी. एच.) की सुविधा अर्थात लाभांश राशि को सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपोज़िटरी (डी. पी.) में अपने बैंक विवरण अद्यतन कराएं। इसके अलावा, ऐसे शेयरधारकों के मामले में जो भौतिक रूप में शेयरधारण करते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी शेयरधारिता को डीमेटीरियलाइज़ करवा लें। सेबी के परिपत्र के मद्देनजर कंपनी / आरटीए द्वारा भौतिक रूप में (प्रतिभूतियों के हस्तांतरण या पुनर्व्यवस्थापन के मामले को छोड़कर) शेयरों के हस्तांतरण से संबंधित किसी भी अनुरोध को वर्तमान में संसाधित नहीं किया जाएगा।

जिन सदस्यों ने अपने लाभांश वारंट(टों) को अभी तक नहीं भुनाया है वे इस संबंध में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट/कंपनी से ऐसे वारंट के बदले डिमांड ड्राफ्ट(टों) को जारी करने के लिए आई. ई. पी. एफ. में स्थानांतरित करने की निर्धारित तिथि से कम–कम एक मास पूर्व संपर्क करें। सदस्य अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का **'इंवेस्टर ज़ोन'** देखें । सदस्य कृपया अपने अनुरोध/शिकायत, यदि कोई है, दर्ज कराने के लिए आर एवं टीए एवं कंपनी की निर्धारित ई–मेल आईडी **admin@mcsregistrars.com** तथा **shareholders@gail.co.in** पर ई–मेल पर भेजें।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुसार दिनांक 20.08.2019 को प्रातः 10.30 बजे से एजीएम के समापन तक शेयरधारकों के लिए वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का एकतरफा सीधे प्रसारण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आप इसे वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर अपने ई–वोटिंग क्रेडेन्शियल्स का प्रयोग करते हुए देख सकते हैं। "लाइव स्ट्रीमिंग" लिंक शेयरधारक लॉगइन में उपलब्ध होगी जहां कंपनी का ईवीएसएन प्रदर्शित किया जाएगा।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25.07.2019
ई–मेल : shareholders@gail.co.in
वेबसाइट : www.gailonline.com

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

पंजीकृत कार्यालय: 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली –110066, फोन: 011-26182955, फैक्स: 011-26185941, ई–मेल: shareholders@gail.co.in
सीआईएन: L40200DL1984GOI018976

सुरक्षा प्रथम | डिजिटल सोचें, डिजिटल बनें

विशेष राउंड में सैकड़ों छात्रों को नहीं मिला मौका

तकनीकी संस्थान

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

केंद्रीय सीट आवंटन बोर्ड (सीएसएबी) ने एनआईटी, आईआईआईटी समेत अन्य सभी केंद्रीय तकनीकी शिक्षा संस्थानों (आईआईटी के अलावा) में बची हुई सीटों के लिए पहले विशेष राउंड की काउंसलिंग के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए।

तकनीकी समस्या के चलते सैकड़ों छात्रों को इसमें भाग लेने मौका नहीं मिला। अब उन्हें दूसरे विशेष राउंड का इंतजार करना होगा। सीएसएबी के पोर्टल पर शनिवार को फीस भरने का प्रयास कर चुके कुछ छात्रों ने बताया कि पंजीकरण के लिए सारी औपचारिकताएं तो पूरी हो गईं, लेकिन तकनीकी समस्या की वजह से पेमेंट गेटवे ने उनकी फीस नहीं स्वीकार की। फीस जमा करने के अन्य विकल्प के तौर पर बैंक भी शनिवार को बंद रहे। इससे फीस जमा नहीं हो पाई। छात्रों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए सीएसएबी से एक और मौका मांगा है।

जोहरी बीएसएफ के नए महानिदेशक

नई दिल्ली। आईपीएस अधिकारी वीके जोहरी बीएसएफ के महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्ति से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति ने रविवार को यह आदेश जारी किया। समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और गृहमंत्री अमित शाह इसके सदस्य हैं।

मध्य प्रदेश कैडर के 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी जोहरी फिलहाल कैबिनेट सचिवालय में रॉ के विशेष सचिव हैं। वह बीएसएफ में रजनीकांत मिश्रा की जगह लेंगे जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि जोहरी को तत्काल प्रभाव से केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जातिवाद का जहर खत्म करना होगा : भागवत

मथुरा/वृंदावन | हिन्दुस्तान संवाद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय सामाजिक सद्भाव बैठक में रविवार को समाज में रोटी का संबंध बनाकर जातिवाद के जहर के खात्मे का मंत्र दिया गया। समाज में आपसी मेलजोल और सौहार्द को बढ़ाने के बीज मंत्र के साथ बैठक का समापन हो गया।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने देश भर से आए पदाधिकारियों को सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का मंत्र दिया। कहा कि भले ही देश में हिंदुओं की जनसंख्या अधिक है, लेकिन सभी एकजुट नहीं है। इसे एकजुट कर एक सूत्र में पिरोने की आवश्यकता है। हिंदू समाज को एक करने के लिए समाज में व्याप्त जातिवाद के जहर को खत्म करना होगा। इसके लिए समाज में जाति बंधन को तोड़कर रोटी का संबंध स्थापित करना होगा।

सीमा पर गोलाबारी में तीन लोग घायल

जम्मू। पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकियों और गांवों में मोर्टार से गोलाबारी और छोटे हथियारों से गोलीबारी कर रविवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। इस दौरान एक महिला और उसके बच्चे समेत तीन असैन्य नागरिक घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा सीमापार से की गई गोलीबारी में कई आवासीय मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में मोर्टार से दागे गए गोलों के छर्रे से तीन नागरिक मोहम्मद आरिफ, फातिमा जान और उनका नवजात शिशु घायल हो गया।

सुरक्षा बलों को एयर एम्बुलेंस की सुविधा

नई दिल्ली। नक्सल विरोधी अभियानों के लिए सुरक्षा बलों और सीमा चौकियों (ऊंचाई वाले स्थानों पर) की निगरानी में तैनात जवानों के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा को मंजूरी दी गई है। पहली बार केंद्रीय बलों के लिए ऐसी पूर्णकालिक हवाई चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक हालिया आदेश में कहा गया कि सीमा सुरक्षा बल के एमआई-17 हेलीकॉप्टर पर एयर एम्बुलेंस होगी और इसे झारखंड की राजधानी रांची में तैनात रखा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इस एयर एम्बुलेंस सेवा में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ 24 घंटे तैनात रहेंगे। (एजेंसी)

इसरो के रिसर्च सेंटर पर उड़ता दिखा ड्रोन, अलर्ट

हड़कंप

तिरुनेलवेली | एजेंसी

तमिलनाडु में इसरो के प्रॉपल्सन रिसर्च सेंटर के पास दो बार अज्ञात ड्रोन विमान को उड़ते देखा गया। इसके बाद यहां हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि तिरुनेलवेली जिले के महेन्द्रगिरी क्षेत्र में इसरो का प्रॉपल्सन रिसर्च सेंटर है। यहां जीएसएलवी रॉकेट के लिए क्रायोजेनिक इंजन का विकास किया जाता है। इस केन्द्र की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के कर्मी ने शुक्रवार देर रात करीब 11.50 बजे एक ड्रोन विमान को परिसर के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में घुसते हुए देखा। ड्रोन कुछ ही मिनटों में गायब हो गया। इसके कुछ घंटों के बाद शनिवार तड़के सुरक्षाकर्मियों ने परिसर के प्रमुख और बाहरी द्वार के पास ड्रोन जैसा उपकरण दिखाई दिया। इसकी जानकारी तुरंत सीआईएसएफ के यूनिट कमांडर को दी गई। उन्होंने जांच के बाद पाया कि उड़ान भरने वाला ड्रोन विमान ही था।

सीबीआई सर्कुलर की सूचना नहीं देगी

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सूचना के अधिकार कानून के तहत 2014 -2019 के बीच बैंक और वित्तीय धोखाधड़ी मामलों में आरोपियों को पकड़ने के लिए जारी लुकआउट सर्कुलर की संख्या बताने से इनकार कर दिया है। उसने कहा कि इससे जारी जांच पर प्रभाव पड़ सकता है।

सूचना मांगने वाले एक आरटीआई आवेदनकर्ता के अनुसार जांच एजेंसी ने स्वयं द्वारा एलओसी जारी करने के बाद सक्षम प्राधिकारियों की ओर से प्राप्त आदेशों की जानकारी भी देने से इनकार कर दिया।

बैंक धोखाधड़ी मामला

- जांच प्रभावित होने का हवाला देकर जानकारी नहीं दी
- आरटीआई कानून की धारा 8(1) का उल्लेख किया

सीबीआई ने इसके लिए आरटीआई कानून की धारा 8(1)(एच) का उल्लेख किया, जो ऐसी सूचना मुहैया कराने से उसे छूट प्रदान करता है, जो किसी आरोपी की गिरफ्तारी या अभियोजन पर प्रतिकूल असर डाल सकती है।

यह जवाब पुणे के आरटीआई कार्यकर्ता विहार दुर्वे की ओर से सीबीआई, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय में आरटीआई अर्जी दायर करने के बाद आया है। उक्त अर्जी के माध्यम से बैंक धोखाधड़ी के फरार आरोपियों के खिलाफ जांच के संबंध में जानकारी मांगी गई थी। दुर्वे ने कहा कि एजेंसी द्वारा अपने अधिकारियों द्वारा भगोड़ों को वापस लाने के लिए कानूनी और यात्रा सेवाओं पर किए गए खर्च के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

PUBLIC NOTICE

SPECIAL SCHEME FOR ALLOTMENT OF FLATS AT CONCESSIONAL RATES TO GALLANTRY AWARDEES AND WAR WIDOWS ETC.

DDA is going to launch an online Housing Scheme-2019 on **first come first serve basis** to allot one bedroom flats on freehold basis at a concessional cost of Rs. 7,00,000/- + conversion charges (Rs. 28,080/-) at Sector-34 & 35, Rohini and Sector-G2 & G8, Narela to the recipients' of Gallantry Awards of Defence and Paramilitary Forces, War Widows and the persons who have got injured/disabled during the Action/War.

The Scheme will be restricted to non-commissioned and non-gazetted officials only. The plinth area of the flat varies from 33.251 Sq.m to 33.853 Sq.m approx.

The applicants are required to submit certificate issued by the Ministry of Defence/ Armed Forces/Paramilitary Forces, to prove their eligibility.

The details of the Scheme and terms & conditions of allotment are available at DDA's Website i.e. **www.dda.org.in**

The scheme is being launched on 02.08.2019 at 15:00 hrs.

Commissioner (Housing)

Please give your feedback on DDA Apps at Google play

Please visit DDA's website at www.dda.org.in or Dial Toll Free No. 1800110332

Paschim Banga Society for Skill Development
Department of Technical Education, Training & Skill Development Government of West Bengal Karigori Bhawan, Plot-B/7, Action Area-III, Rajarhat Newtown, Kolkata-700160

Indicative Advertisement for Empanelment of Agencies Conducting Impact Assessment Studies of Skill Development Projects

Expressions of Interest are invited from agencies having experience of doing impact assessment of Skill Development Projects for the purpose of undertaking impact assessment of the Utkarsh Bangla Scheme of Department of Technical Education, Training and Skill Development, Govt of West Bengal.
The link for online applications is active from **26th July 2019 (Friday) 10:00 A.M** onwards at https://wbtenders.gov.in. Last date for submitting responses is 9th August 2019 (Friday) at 3:00 P.M.

Date: 26.07.2019 **Project Director**
ICA-T5155(6)/2019 **PBSSD**

GAIL (India) Limited
(A Govt. of India Undertaking)

NOTICE OF BOOK CLOSURE FOR PAYMENT OF FINAL DIVIDEND 2018-19 & E-VOTING

Notice is hereby given that 35th Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on **Tuesday, the 20th day of August, 2019 at 10.30 a.m.** at Manekshaw Centre, Parade Road, Delhi Cantonment, New Delhi-110010. Separate Notice of the AGM and Annual Report (AR) of the Company for the year 2018-19, inter-alia, containing the notice of AGM is being sent to the members of the Company through electronic mode whose e-mail ID is validated/ registered with the Depository Participant (DP) or R&TA and through physical mode to other members. Notice of the meeting is also displayed on the website(s) of the Company and CDSL **(www.evotingindia.com)**.

Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from **Tuesday, the 13th August, 2019 to Tuesday, the 20th August, 2019 (both days inclusive)** to determine the entitlement of final dividend @ 8.85 % (Rs 0.885/- per equity share), if so approved by the members at the aforesaid AGM. Interim dividend @ 62.50% (Rs. 6.25/- per share) has already been paid in the month of February, 2019. Final dividend after declaration at the AGM will be paid to those eligible members whose name(s) appear :-

a) as member(s) holding shares in **physical mode**, in the Register of Members of the Company after giving effect to all valid and complete transfers, lodged with R&TA/Company before **13th August, 2019**; or

b) as Beneficial Owner(s) holding shares in **electronic mode**, details as furnished by the Depositories viz. National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL) in respect of said book closure date.

In compliance with the provisions of Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 and Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company is providing facility to its members to exercise their right to vote by electronic means in respect of the agenda items enlisted in the AGM notice through remote e-voting facilities provided by CDSL. The remote e-voting period commences on **Friday, 16th August, 2019 (9:00 am) (IST) and ends on Monday, 19th August, 2019 (5:00 pm) (IST).** The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter and shall not be allowed beyond said date and time. During this intervening period, only those members of the Company, holding shares either in electronic or physical mode, as on the cut-off date i.e. **Tuesday, 13th August, 2019** shall be entitled to cast their vote electronically or voting in the said AGM.

The members who have cast their vote by remote e-voting may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. The facility for voting through polling slip shall be made available at the venue of the meeting for the members/proxy attending the meeting and who have not cast their vote by remote e-voting. Once a vote on a resolution is cast by the member through e-voting, the member shall not be allowed to change it. The remote e-voting facility is available at the link **https://www.evotingindia.com.** However, in case member(s) cast their vote both through remote e-voting and at AGM also, then voting done through remote e-voting shall prevail.

Members are requested to refer to instructions for remote e-voting forming part of AGM Notice. In case of any queries or issues regarding remote e-voting, please refer the e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under help section.

If a person is already registered with CDSL for e-voting then existing login ID and password to be used for e-voting. All correspondence/ queries/grievances related to remote e-voting including obtaining of login id and password by persons who have acquired shares and become members of the Company after the dispatch of notice and holding shares of the Company as on cut-off date, may be addressed to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** (Address: Mr. Rakesh Dalvi, Manager, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (E), Mumbai - 400013) or contact CDSL e-voting helpdesk officials at 1800225533. Alternatively, to our R&TA at **admin@mcsregistrars.com** or Mr. Ajay Dalal, Senior Manager, MCS STA at 91-11-41406149-52 (Address: MCS Share Transfer Agent Limited, **Unit: GAIL (India) Limited,** 1st Floor, F-65, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020).

Shri Sachin Agarwal, Practicing Company Secretary, New Delhi has been appointed as Scrutinizer for conducting remote e-voting and ballot paper process in fair and transparent manner.

Members who have not yet registered their e-mail id or who want to change their e-mail ID are requested to approach their respective DPs. Member(s) are requested to keep their e-mail ID validated with their DP/R&TA, so as to receive all communication electronically including annual report, notices, circulars, etc. sent by the Company from time to time. To avail the National Automated Clearing House (NACH) facility i.e. direct credit of dividend amount in the bank account, Members are requested to update bank details with their Depository (DP). Further, in case of shareholders who are holdings shares in physical form are requested to dematerialize their physical shareholdings. No request for transfer of shares in physical form (except in case of transmission or transposition of securities) at the present can be processed by the Company/RTA in view of SEBI circular.

Member(s) who have not yet encashed their Dividend Warrant(s) may approach the R&TA/Company for issuance of demand draft(s) upon completion of necessary formalities, at least a month before the due date for transfer to IEPF. Member(s) may visit 'Investor Zone' section at Company's website for further reference. To facilitate the member(s) to register their request/complaint, if any, designated e-mail ID of the R&TA and Company is admin@mcsregistrars.com and **shareholders@gail.co.in.**

In terms of Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is providing one-way live webcast of the proceedings of the Annual General Meetings for the shareholders on 20.08.2019 from 10.30 a.m. onwards till conclusion of AGM. You may access the same at **www.evotingindia.com** by using your e-voting credentials. The "live streaming" link will be available in shareholder login where the EVSN of Company will be displayed.

Place: New Delhi
Date: 25.07.2019
E-mail: shareholders@gail.co.in
Website: www.gailonline.com

For GAIL (India) Limited
Sd/-
(A. K. Jha)
Company Secretary

Regd. Office: GAIL Bhawan, 16, Bhikaiji Cama Place, R. K. Puram, New Delhi- 110066, **Phone:** 011-26182955, **Fax:** 011-26185941, **E-mail:** shareholders@gail.co.in

Corporate Identification Number : L40200DL1984GOI018976

Safety First — Think Digital, Be Digital

WEST BENGAL STATE ELECTRICITY DISTRIBUTION COMPANY LIMITED
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Regd. Office : Vidyut Bhavan, Block-DJ, Sector-II, Bidhannagar, Kolkata - 700 091
CIN : U40109WB2007SGC113473, cecorpmont@gmail.com, www.wbsedcl.in

The **Chief Engineer, Procurement & Contracts Department,** Vidyut Bhavan (4th Floor), Bidhannagar, Block-DJ, Sector-II, Kolkata-91 invites E-Tender from genuine manufacturers only for manufacture, testing, supply and delivery of the following items:

Sl. No.	Tender Notice No. & Description of Items	Qty.	Estimated Value (approx.) (Rs.)	Last date of submission of e-Tender
1.	**Tender No.: - P-06/2019-20/PC-III/CuCC**			
	i) 1.1 KV Cu. Control Cable 4CX2.5 sq. mm.	145 Km	1.11 Cr.	20.08.2019 (up to 14:00 hrs.)
	ii) 1.1 KV Cu. Control Cable 8CX2.5 sq. mm.	92 Km	1.29 Cr.	
	iii) 1.1 KV Cu. Control Cable 12CX2.5 sq. mm.	90 Km	1.83 Cr.	
2.	**Tender No.: - P-09/2019-20/PC-I**			
	i) Porcelain 12 KV Distribution Class Gapless Lightning Arrester	27524 Nos	0.97 Cr.	28.08.2019 (up to 14:00 hrs.)
	ii) Porcelain 42 KV Station Class Gapless Lightning Arrester	2741 Nos.	1.72 Cr.	
3.	**Tender No.: – P-10/2019-20/PC-II/HTCFL**			
	H.V. Underground Cable Fault Locator with accessories as per NIT	03 Sets	1.90 Cr.	26.08.2019 (up to 14:00 hrs.)

Tenders are to be submitted online through **https://wbtenders.gov.in.** Further details of the Tender Notice may be had from **www.wbsedcl.in** and the above-mentioned Office (Ph. No.- 033-2319 7663/7561/7394)

ICA-T5131(4)/2019

NATIONAL CAPITAL REGION TRANSPORT CORPORATION LTD.
(A JV of Govt. of India and participating State Governments)

E-TENDER NOTICE

No. : DM/CN/COR-OF/060 **Tender Id : 2019_NCRTC_29506_1**

Online bids are invited for carrying out initial pile load test in Vaishali-Modinagar section of Delhi-Ghaziabad-Meerut RRTS corridor.

For detailed information and subsequent addendum/corrigendum (if any), please visit NCRTC website **www.ncrtc.in** or CPP Portal **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from **29.07.2019** to **26.08.2019** upto **1500 hrs.**

Sd/- GGM/Procurement

7/6, Sirifort Institutional Area, August Kranti Marg, New Delhi-110049

GUJARAT MARITIME UNIVERSITY
तमसो मा ज्योतिर्गमय

GUJARAT MARITIME UNIVERSITY
sets sailing on its maiden academic voyage from today !!!



Shri Narendrabhai Modi
Prime Minister, India



Shri Vijaybhai Rupani
Chief Minister, Gujarat

School of Maritime Law, Policy and Administration

to offer

LL.M in Maritime Law
&
LL.M in International Trade Law
from its Transitory Campus at
Gujarat National Law University (GNLU)



For ADMISSIONS & MORE INFORMATION , visit our website
www.gmu.edu.in

C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd., Telibandha, G.E. Road, Raipur (C.G.)
Phone No.-0771-4212203/15/12/24 Website http://www.beejnigam.cg.nic.in

NOTICE FOR INVITING RCO/TENDER (ONLINE)

S.No./HO./BKVN/MS-1B/2019-20/4373 **Date - 26/07/19**

Online Rate Contract Offer/Tender are invited from Manufacturer for supply of following items for the year 2019-20 and onwards as per terms & condition mentioned in R.C.O. document.

S. N.	RC No.	Name of Items	Last date	E.M.D. (Online)
1	RC-34	"Horticulture Tool & Tool Kits"	31.08.2019	1,00,000/-

RCO/Tender documents and other details can be seen and downloaded from Website **https://eproc.cgstate.gov.in/** and should be submitted online before the due date as per scheduled time mentioned in tender document. Received offers will be opened on scheduled date in the presence of offerers or their representative who wishes to be present. The document Price Rs. 1500.00 and Earnest Money is to be Deposited online on or before due date as mention in RCO documents.

Note :- For any assistance please contact our service provider - M-Junction Services Limited.

S-22036/5 **Managing Director**

Gujarat State Petronet Limited
Corporate Identity Number : L40200GJ1998SGC035188
Reg. Off.: GSPC Bhavan, Sector-11, Gandhinagar-382010, Gujarat, India. **Tel.:** +91-79-66701001 / 23268500 **Fax:** +91-79-23268506, **Website :** www.gspcgroup.com **E-mail:** investors.gspl@gspc.in

NOTICE INVITING TENDER

Gujarat State Petronet Limited (GSPL) invites bids through e-tendering from competent bidders for **"Supply, installation, Testing & Commissioning of hardware and software infrastructure for SAP."** vide single stage three-part bidding process.
Interested bidders can View and Bid the Tender Documents, Bid qualification Criteria and Bidding Schedule on https://gspl.nprocure.com
Details can also be viewed on GSPL Website (www.gujpetronet.com)

Details	Date & Time
Date of tender Upload on **www.nprocure.com**	**29/07/2019, 15:00 hrs**
Last Date to Submit Pre-bid Queries	**02/08/2019, 17:00 hrs**
Pre-bid Meeting @ GSPL Bhavan.	**05/08/2019, 12:00 hrs**
Last Date to Submit online Techno-Commercial Bid	**20/08/2019 before 17:30 hrs**
Online BID opening Date (Primary)	**20/08/2019, 18.00 hrs**

All future announcement related to this tender shall be published on (n)procure Portal ONLY. GSPL reserves the right to cancel and/or alter bidding process at any stage without assigning any reason. GSPL also reserves the right to reject any or all of the bids received at its discretion, without assigning any reasons whatsoever.

ESCORTS

Extract of Standalone And Consolidated Unaudited Financial Results For The Quarter ended June 30, 2019

Rs. In Crores

Sl. No.	Particulars	Standalone Results				Consolidated Results			
		3 Months ended June 30, 2019 Unaudited	3 Months ended March 31, 2019 Audited	3 Months ended June 30, 2018 Unaudited	Year Ended March 31, 2019 Audited	3 Months ended June 30, 2019 Unaudited	3 Months ended March 31, 2019 Audited	3 Months ended June 30, 2018 Unaudited	Year Ended March 31, 2019 Audited
1	Total revenue from continuing operations	1,422.97	1,631.66	1,511.29	6,196.36	1,440.45	1,649.08	1,529.01	6,262.02
2	Net Profit for the period from continuing operations (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	129.14	177.83	179.08	710.29	129.36	172.81	179.36	708.22
3	Net Profit for the period from continuing operations before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items)	129.14	177.83	179.08	721.20	129.36	172.81	179.36	713.78
4	Net Profit/(Loss) from discontinued operations after tax	-	-	1.13	1.23	-	-	1.13	1.23
5	Net Profit for the Period	87.49	121.35	120.69	484.91	87.66	116.42	121.07	477.90
6	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	87.41	129.35	120.68	492.93	87.15	124.71	120.75	486.21
7	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) after non-controlling interest]	87.41	129.35	120.68	492.93	87.23	124.98	120.93	487.22
8	Equity Share Capital	122.58	122.58	122.58	122.58	122.58	122.58	122.58	122.58
9	Other Equity	-	-	-	2,900.28	-	-	-	2,550.91
10	Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) of Rs. 10 each:								
	(1) Basic	7.32	10.15	10.10	40.58	10.23	13.60	14.13	55.82
	(2) Diluted	7.32	10.15	10.10	40.58	10.23	13.60	14.13	55.82

Notes :

1. The above standalone and consolidated financial results for the quarter ended June 30, 2019 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meetings held on July 27, 2019.
2. In standalone results figures for the quarter ended March 31, 2019 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and published year to date figures upto the third quarter of the year ended March 31, 2019.
3. The figures in the consolidated financial results for the preceding quarter ended March 31, 2019 and corresponding quarter ended June 30, 2018 have been approved by the Company's Board of Directors, but have not been subjected to audit or review.
4. The Group has adopted Ind AS 116 "Leases" effective April 1, 2019, as notified by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) in the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2019, using modified retrospective method. The adoption of this standard did not have any material impact on the profit of the current quarter.
5. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchanges websites www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.escortsgroup.com.

For ESCORTS LIMITED

Place : Faridabad
Date : 27/07/2019

(NIKHIL NANDA)
(CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR)

Escorts Limited
Phone: 0129-2250222, Fax: 0129-2250060
E-mail: corpsect@ndb.vsnl.net.in, Website: www.escortsgroup.com
Registered Office : 15/5, Mathura Road, Faridabad – 121 003, Haryana
CIN - L74899HR1944PLC039088